सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-560
15/11/2017

मुख्यमंत्री ने दरभंगा में दो संग्रहालयों का निरीक्षण किया

पटना, 15 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज दरभंगा में चंद्रधारी संग्रहालय और महाराजाधिराज लक्ष्मीश्वर सिंह संग्रहालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री सर्वप्रथम दरभंगा के चंद्रधारी संग्रहालय पहुंचे और संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर लगे दरभंगा सांस्कृतिक इतिहास को बहुत ही ध्यानपूर्वक पढ़ा। चंद्रधारी संग्रहालय, दरभंगा जिसका जीर्णोद्धार किया गया है, मुख्यमंत्री ने रिबन काटकर उद्‌घाटन किया। बारहमासा चित्र और लघु रंग चित्र दीर्घा का भी रिबन काटकर मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। उसके बाद चंद्रधारी बाबू की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। संग्रहालय में बने लघु रंग चित्र दीर्घा, बारहमासा चित्र, पाल एवं जैन पांडुलिपि, मुगल चित्रकला, राजस्थानी पेंटिंग, पहाड़ी पेंटिंग, पटना कलम, लघुरंग चित्र के विभिन्न चरण, मधुबनी और मिथिला पेंटिंग, सोने के डिब्बों में जड़ित सर्जरी पत्थर, अभ्रक पेंटिंग, अजीमाबाद की बनी हुई राशि वाच सहित हर एक प्रदर्श का बारीकी से मुआयना किया। संग्रहालय का निरीक्षण करने के बाद संग्रहालय प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रधान सचिव को निर्देश दिया कि तत्काल संग्रहालय में रखे हुये बहुमूल्य कलाकृतियों एवं पाण्डुलिपियों का वैज्ञानिक पद्धति से रखरखाव हेतु विशेषज्ञों से परामर्श करें ताकि इन अमुल्य कृतियों को भविष्य के लिये सुरक्षित व संरक्षित रखा जा सके। मुख्यमंत्री ने संग्रहालय के पास अवस्थित तालाबों के सौंदर्यीकरण हेतु भी कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा के दो संग्रहालयों के बारे में बताचीत होती रही है। आज मैंने सोचा कि इसको देखा जाए और संग्रहालय को और बेहतर बनाने के लिये क्या किया जा सकता है। इसमें इतने प्रदर्श हैं कि उनको प्रदर्शित करने के लिए और बेहतर भवन की आवश्यकता होगी। प्रदर्श को इस तरह से दिखाया जाए कि जो भी उसको देखने आए उस पर इसका और गहरा प्रभाव पड़े। जो भी चीज रखी गई है उसके बारे में विस्तार से जानकारी हो ताकि नई पीढ़ी को जो जानकारी मिले और साथ ही इतिहास के प्रति उनकी उत्सूकता बने। तालाब के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब को पहले से ही आकर देख चुके हैं। इसमें जीर्णोद्धार का, घाट बनाने का, वोटिंग का और इसके चारो तरफ रास्ते बनाने की बात हो चुकी है। इसमें कहीं से कोई गंदा पानी नहीं जाए बिल्कुल स्वच्छ रहे। हमलोगों ने दो साल पहले ही इस बारे में निर्णय लिया था। नगर विकास विभाग इसको देख रहा है।

इसके पूर्व दरभंगा के नेहरु स्टेडियम (पोलो ग्राउंड) में बने हेलिपैड पर मुख्यमंत्री को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया।

संग्रहालय निरीक्षण के क्रम में विधायक श्री संजय सरावगी, विधायक श्री सुनील चौधरी, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव कला संस्कृति एवं युवा श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, जिलाधिकारी दरभंगा डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, वरीय

पुलिस अधीक्षक श्री सत्यवीर सिंह, चन्द्रधारी संग्रहालय के क्यूरेटर श्री सुधीर कुमार यादव, लक्ष्मीश्वर संग्रहालय के क्यूरेटर श्री शिवकुमार झा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******